कोविड-19 का टीका या वैक्सीन

वैक्सीन क्या है?

वैक्सीन एक प्रकार की दवा है। यह इंजेक्शन या शॉट में आता है।

वैक्सीन क्या करता है?

टीका या वैक्सीन लगवाने से आप बीमार से बच सकते हैं। विभिन्न बीमारियों या रोगों के लिए विभिन्न प्रकार के टीके हैं।

क्या वैक्सीन सुरक्षित है?

हाँ। वैक्सीन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए डॉक्टर और वैज्ञानिक कड़ी मेहनत करते हैं। केवल वे वैक्सीन सुरक्षित हैं जिन्हें कनाडा में उपयोग के लिए मंजूरी दी गई है। वैक्सीन की सुरक्षा की अक्सर समीक्षा की जाती है।

क्या कोविड-19 के लिए कोई वैक्सीन है?

हाँ, कोविड-19 के लिए कुछ नए टीके या वैक्सीन हैं।

क्या कोविड-19 वैक्सीन सुरक्षित हैं? वे बहुत तेजी से बने थे।

हाँ। कोविड-19 के वैक्सीन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए डॉक्टरों और वैज्ञानिकों ने कड़ी मेहनत की है। केवल वे वैक्सीन सुरक्षित हैं जिन्हें कनाडा में उपयोग के लिए मंजूरी दी गई है। वैक्सीन की सुरक्षा की अक्सर समीक्षा की जाती है।

क्या मुझे वैक्सीन से कोविड-19 हो सकता है?

नहीं। आपको वैक्सीन से कोविड-19 नहीं हो सकता है। वैक्सीन आपके शरीर को कोविड-19 को पहचानने और उससे लड़ने में मदद करता है।

क्या कोविड-19 वैक्सीन के दुष्प्रभाव हैं?

वैक्सीन लगवाने के बाद आपको इसके दुष्प्रभाव हो सकते हैं। आपकी बाँह में दर्द हो सकता है जहाँ आपको शॉट दिया गया है। आप थकान महसूस कर सकते हैं या बुखार हो सकता है। इसका मतलब है कि आपका शरीर वैक्सीन पर प्रतिक्रिया कर रहा है। ये दुष्प्रभाव कुछ दिनों तक रह सकते हैं।

कुछ लोगों को टीकों से एलर्जी हो सकती है। उनके अधिक गंभीर दुष्प्रभाव हो सकते हैं। ये गंभीर दुष्प्रभाव दुर्लभ हैं।

क्या होगा अगर मेरे लक्षण चंद दिनों से ज़्यादा समय तक रहते हैं?

हो सकता है वैक्सीन लगवाने से पहले ही वायरस ने आपको जकड़ा हो। यदि आपके लक्षण एक या दो दिन से अधिक समय तक रहते हैं, तो आप बीमार पड़ सकते हैं। आपको स्वयं को अलग-थलग रखना होगा (अन्य लोगों से दूर रहना होगा) और कोविड-19 का परीक्षण करवाना होगा।

टीका या वैक्सीन पहले किसे मिलेगा?

मैनिटोबा में डॉक्टरों, नर्सों और अन्य स्वास्थ्य-कर्मियों को पहले वैक्सीन दी जा रही है।

पहले टीका पाने वाले अन्य लोगों में ऐसे व्यक्ति शामिल हो सकते हैं जो बीमार हों। इसमें बूढ़े और देशी लोग शामिल हैं।

मुझे वैक्सीन कब मिल सकता है?

सभी के लिए पर्याप्त वैक्सीन बनाने में समय लगता है। अलग-अलग लोगों को अलग-अलग समय पर वैक्सीन मिलेगी। सरकार और विशेषज्ञ मिलकर ये फ़ैसले लेने का काम कर रहे हैं। अधिक जानकारी तब साझा की जाएगी जब लोगों के टीकाकरण का वक़्त आ जाए।

क्या मुझे वैक्सीन लगाए जाने के बाद भी मास्क पहनना और अन्य लोगों से दूर रहना होगा?

हाँ। मास्क पहनने और शारीरिक दूरी बनाए रखने से आपको और दूसरों को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी।

क्या मुझे वैक्सीन लगवाने के लिए भुगतान करना होगा?

मैनिटोबा के लोगों के लिए वैक्सीन मुफ़्त है।

क्या मुझे वैक्सीन लगवाना चाहिए?

आपको चुनने का मौक़ा मिलेगा कि क्या आप कोविड-19 वैक्सीन चाहते हैं। आपके लिए वैक्सीन लगवाना ज़रूरी नहीं है।

वैक्सीन के बारे में बहुत से लोग अलग-अलग बातें कह रहे हैं। कुछ जानकारी सही नहीं हो सकती है। आप वैक्सीन के बारे में अधिक जानकारी के लिए स्वास्थ्य-कर्मियों से बात कर सकते हैं। वे आपको अच्छी जानकारी प्रदान करेंगे।